पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ और रूस के मिनिन विश्वविद्यालय मध्य हुआ एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित

————————

यह समझौता विश्वविद्यालयों के लिए मील का पत्थर साबित होगा

——————

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में खुलेगा रूसी विश्वविद्यालय का रसियन अध्ययन केंद्र
– राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊः 14 सितम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा, कुशल मार्गदर्शन तथा गरिमामयी उपस्थिति में आज राजभवन के गांधी सभागार में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ और रूस की मिनिन निज़नी नोवगोरोड स्टेट पेडागोगिकल यूनिवर्सिटी के मध्य एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित किया गया। इस एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर हो जाने के पश्चात अब रूस का यह विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में अपना रसियन अध्ययन केंद्र खोल सकेगा तथा शीघ्र ही रूसी भाषा की कक्षाएं भी शुरू हो जायेगी। इससे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

ज्ञातव्य है कि मिनिन विश्वविद्यालय चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 250 छात्रों को निःशुल्क ज्ञान प्रदान करेगा। उन्हें ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में बुनियादी रूसी भाषा, रूस की संस्कृति आदि सिखाई जाएगी। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ और मिनिन विश्वविद्यालय, रूस संयुक्त रूप से अनुसंधान परियोजनाएं और शिक्षण कार्य भी करेंगे। इस केंद्र के तहत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ निकट भविष्य में रूसी छात्रों के लिए एक पाठ्यक्रम भी आयोजित करेगा।

इस अवसर पर कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह एम0ओ0य0 राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस एम0ओ0यू0 से राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों को भी लाभ होगा।

राज्यपाल जी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ भारत के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। शिक्षा के क्षेत्र में यह विश्वविद्यालय नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीयकरण की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय ने भारतीय ज्ञान प्रणाली सहित शिक्षकों, छात्रों, संस्कृति, ज्ञान के आदान–प्रदान के लिए प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सन्दर्भ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र भी संचालित है, जिसमें दुनिया भर के विविध पृष्ठभूमि के छात्र विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित अपनी पसंद के पाठयक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।

इस अवसर पर मिनिन विश्वविद्यालय, रूस के प्रतिनिधियों द्वारा राज्यपाल जी को लकड़ी से निर्मित रसियन डॉल भेंटस्वरूप प्रदान की गयी।

चौधरी चरण सिंह विश्ध्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 संगीता शुक्ला ने कहा कि यह एम0ओ0यू0 विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही लाभदायक है। हम इनके साथ मिलकर गुणवत्ता परख शोध, अध्यन, शिक्षकों का आदान प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर मिनिन विश्वविद्यालय के रेक्टर प्रो0 विक्टर ब्लादि मीरो वीच स्दविन कोव, प्रो0 लिलिया व्यादि मिरोवना एरूसकिना, प्रो0 बोरीसोविच चुपरीकोप, इन्फोमेशन पॉलिसी सेंटर की हेड प्रो0 कनियाजेवा ओल्गा और प्रो0 लियूडमिला सिमोनेन्को तथा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मृदुल गुप्ता, प्रो. एस0के0 दत्ता, प्रो0 आर0के0 सोनी, कुलसचिव धीरेंद्र वर्मा, आदि उपस्थित थे।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन
सीमा गुप्ता
कृष्ण कुमार
सम्पर्क सूत्र–9453005360

nirf
UNIVERSITY RANKINGS
WORLD UNIVERSITY RANKINGS
रैंकिंग उन्नयन
एक दिवसीय परिसंवाद
दिनांक - 14 सितम्बर, 2023
उत्तर प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालय
आयोजन स्थल - राजभवन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश